# डिस्कलेमर

अंतरिम आदेश संख्या 05/2021-22 का हिंदी अनुवाद संलग्न है। इस हिंदी पाठ के अंतर्गत दी गई किसी भी व्याख्या या अर्थ के संदर्भ में कोई भी भ्रांति या संदेह होने पर कृपया अंग्रेजी पाठ को ही प्रामाणिक माना जाए।

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

**आदेश संख्या 05/2021-22**

ऐरा भवन,
प्रशासनिक कॉम्पलेक्स,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003

जारी करने की तारीख: 29 जुलाई, 2021

**सेवा : ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं**
**सेवा प्रदाता : मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड**
**हवाईअड्डा: सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद**

**एसपीवी मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जीबीएएस) द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद में 01.08.2021 से 31.12.2021 तक की अवधि के लिए प्रदान की जाने वाली ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए तदर्थ टैरिफ के मामले में**

सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, (एसवीपीआईए), अहमदाबाद में ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए हवाईअड्डा प्रचालक मैसर्स अदानी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड(एएआईएएल) द्वारा प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) प्रक्रिया के माध्यम से मैसर्स बर्ड वर्ल्डवाइड फ्लाइट सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (बीडब्ल्यूएफएस) का चयन किया गया है। मैसर्स बीडब्ल्युएफएस ने 01 अप्रैल, 2021 से 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस प्रदान करने के लिए हवाईअड्डा प्रचालक मैसर्स एएआईएएल द्वारा इस संबंध में जारी दिनांक 08.03.2021 के कार्य सौंपने संबंधी पत्र (एलओए) की प्रति प्रस्तुत की है। आरएफपी की अपेक्षाओं के अनुसार कोन्सोर्टियम के प्रमुख सदस्य के तौर पर बीडब्ल्यूएफएस सहित मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जीबीएएस) नामक विशेष प्रयोजनीय माध्यम (एसपीवी) को 20.03.2021 को सम्मिलित किया गया है।

2. इस संबंध में एसपीवी, मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (जीबीएएस) ने दिनांक 08.07.2021 के पत्र द्वारा एसवीपीआईए, अहमदाबाद में अपनी ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं (प्रारंभ होने की प्रस्तावित तारीख 01.08.2021) के लिए अंतरिम अवधि के दौरान उनकी नियमित टैरिफ निर्धारित होने तक के लिए तदर्थ टैरिफ के अनुमोदन के लिए प्राधिकरण से संपर्क किया है। एसपीवी ने बीसीएएस द्वारा प्रदान की गई 05 (पांच) वर्ष की अवधि के लिए वैध अपेक्षित सुरक्षा अनुमति (दिनांक 12.07.2021 का पत्र) की प्रति प्रस्तुत की है।

3. मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने अपने पूर्वोक्त पत्र द्वारा तृतीय नियंत्रण अवधि (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) के लिए एमवाईटीपी/एटीपी भी प्रस्तुत किया है।

4. प्राधिकरण ने अनुरोध की जांच करके मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को एसवीपीआईए, अहमदाबाद में एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (पहले एआईएटीएसएल - देखें: दिनांक 22.11.2019 का आदेश संख्या 18/2019-20 और दिनांक 25.03.2021 का अंतरिम आदेश संख्या 67/2020-21) नामक अन्य ग्राउंड हैंडलिंग सेवा प्रदाता के लिए यथा अनुमोदित मौजूदा टैरिफ 01.08.2021 से 31.12.2021 तक या नियिमित ग्राउंड हैंडलिंग टैरिफ का निर्धारण किए जाने तक, जो भी पहले हो, तदर्थ आधार पर, वसूल करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है।

**आदेश**

5. रिकॉर्डों में उपलब्ध तात्विक सामग्री पर ध्यानपूर्वक विचार करने के बाद प्राधिकरण, भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13(1) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्‌द्वारा आदेश देता है कि:-

(i) मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद में 01.08.2021 से 31.12.2021 तक या तृतीय नियंत्रण अवधि के लिए नियमित ग्राउंड हैंडलिंग टैरिफ का निर्धारण होने तक, जो भी पहले हो, ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए संलग्नक -**I** में दिए गए कार्ड के अनुसार एयर इंडिया एयरपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड (पहले एआईएटीएसएल) नामक अन्य ग्रांउड हैंडलिंग सेवा प्रदाता के लिए ग्राउंड हैंडलिंग सेवाओं के लिए यथानुमोदित मौजूदा टैरिफ, तदर्थ आधार पर, वसूल और संग्रहित करने की अनुमति दी जाती है।

(ii) मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नॉन शेड्यूल प्रचालनों के लिए वसूली गई टैरिफ ऐरा द्वारा 'समान श्रेणी के विमान' के शेड्यूल्ड प्रचालनों के लिए अनुमोदित टैरिफ से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(iii) ऊपर बताए अनुसार अनुमोदित टैरिफ ग्राउंड हैंडलिंग सेवा के प्रयोक्ताओं से वसूल की जाने वाली अधिकतम टैरिफ होगी। अनुमोदित टैरिफ के अतिरिक्त अन्य कोई प्रभार नहीं लगाया जाएगा।

(iv) हवाईअड्डा प्रचालक आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

प्राधिकरण की ओर से जारीकर्त्ता

(कर्नल मनु सूदन)
सचिव

सेवामें,

श्री संदीप कुमार जैन,
जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,
ई-9, कनॉट हाऊस, कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली-110001

प्रतिलिपि:

(i) मुख्य कार्यपालक अधिकारी, मैसर्स अदानी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एएआईएएल);
(ii) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003

<table>
<tr><td colspan="5">मैसर्स जीएसईसी बर्ड एयरपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद (एसवीपीआईए), अहमदाबाद में 01.08.2021 से 31.12.2021 तक के लिए लागू ऐरा द्वारा अनुमोदित तदर्थ ग्राउंड हैंडलिंग टैरिफ</td></tr>
<tr><td colspan="5">01.08.2021 से 31.12.2021 तक<br>अनुमोदित अधिकतम टैरिफ<br>(दरों में सरकारी करों को छोड़कर हवाईअड्डा<br>रॉयल्टी सम्मिलित है) (भारतीय रूपए में)</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">सेवाएं</td><td></td></tr>
<tr><td>AC TYPE</td><td>PAX</td><td>RAMP</td><td>FULL</td><td>Type of Carrier</td></tr>
<tr><td>Single Engine Aircraft</td><td>12485</td><td>37454</td><td>49939</td><td>Pax Non-Schedule Domestic</td></tr>
<tr><td>Single Engine Aircraft</td><td>27051</td><td>81152</td><td>108202</td><td>Pax Non-Schedule International</td></tr>
<tr><td>ATR-72</td><td>3642</td><td>10925</td><td>14566</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A300-600</td><td>42917</td><td>128750</td><td>171666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A310</td><td>42917</td><td>128750</td><td>171666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A319</td><td>17167</td><td>51500</td><td>68666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A320</td><td>17167</td><td>51500</td><td>68666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A321</td><td>17167</td><td>51500</td><td>68666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A330</td><td>42917</td><td>128750</td><td>171666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>A340</td><td>48249</td><td>144746</td><td>192994</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>B737</td><td>17167</td><td>51500</td><td>68666</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>B747</td><td>48327</td><td>144980</td><td>193306</td><td>Pax Non-Schedule International</td></tr>
<tr><td>B777</td><td>48327</td><td>144980</td><td>193306</td><td>Pax Schedule International</td></tr>
<tr><td>ATR-72</td><td>3642</td><td>10925</td><td>14566</td><td>Pax Schedule Domestic</td></tr>
</table>